aglasem.com

FOR UP CLASS 12 PREPARATION

UP Board Class 12th Model Paper 2027 Psychology

EXAM	YEAR	TYPE	SUBJECT
UP Class 12	2027	Sample Paper	Psychology

सत्र 2026–27

प्रतिदर्श प्रश्न पत्र

कक्षा–12

विषय–मनोविज्ञान (Psychology)

विषय कोड–133 संकेतांक–326

समय–3 घण्टे 15 मिनट पूर्णांक–100

नोटः–प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न–पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित है।

(1) सभी प्रश्न अविवार्य है। सभी प्रश्नों के अंक उनके सम्मुख अंकित है।

(2)प्रश्न संख्या 1 से 10 तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रश्न संख्या 11 से 22 तक अति उत्तरीय प्रश्न जिसका प्रत्येक उत्तर लगभग 25 शब्दों में देना है प्रश्न संख्या 23 से 28 तक लघु उत्तरीय प्रश्न है, जिसका प्रत्येक उत्तर लगभग 50 शब्दों में देना है। प्रश्न संख्या 29 से 31 तक दीर्घ उत्तरीय है जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 200 शब्दों में देना है।

बहुविकल्पीय प्रश्न

1–विने साइमन परीक्षण किस मानसिक योग्यता का मापन करता है? 1

(i) व्यक्तित्व (ii) बुद्धि

(iii) अभिक्षमता (iv) अभिरूचि

2–किसी विशिष्ट क्षेत्र में किसी व्यक्ति की अभिक्षमता निम्न में से किस पर निर्भर होती है? 1

(i) अभिरूचि (ii) मूल्य

(iii) व्यक्तित्व (iv) इनमें से कोई नहीं

3–शारीरिक बनावट और स्वभाव के आधार पर व्यक्तित्व का वर्णन किसने किया? 1

(i) शेल्डेन (ii) आलपोर्ट

(iii) युंग (iv) फ्रीडमैन

4–निम्न में से कोई सा सम्प्रत्यय आत्म नियंत्रण की अवधारणा पर आधारित है? 1

(i) आत्म सक्षमता (ii) आशा

(iii) आत्मसम्मान (iv) तन्यकता

5– जिन उद्दीपकों से व्यक्ति में दबाव उत्पन्न होता है। उसे कहते है? 1

(i) तनाव (ii) उद्दीपक

(iii) प्रतिक्रिया (iv) दबाव कारक

6–एक व्यक्ति बार–बार अपने दरवाजे को चेक करता है कि वह बंद है या नहीं भले ही वह पहले चेक कर चुका हो यह किसका लक्षण है? 1

(i) अवसाद (ii) ओ0सी0डी0

(iii) फोबिया (iv) स्किजोफ्रेनिया

7–सेवार्थो केन्द्रित चिकित्सा विधि का प्रतिपादन ———— किया? 1

(i) काल रोजर्स (ii) कार्ल युंग

(iii) इल्लिस (iv) फ्रायड

8– निम्नलिखित में से कौन–सी वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति है? 1

(i) योग (ii) ध्यान

(iii) एक्यूपंक्चर (iv) उपर्युक्त सभी

9–किसी व्यक्ति वस्तु स्थान, संगठन या परिस्थिति के सम्बन्ध में एक विशेष एवं नकारात्मक मनोवृत्ति जो वास्तविक तथ्यों पर आधारित न हो उसे क्या कहा जाता है? 1

(i) सन्तुलन (ii) गुणारोपण

(iii) पूर्वाग्रह (iv) अभिवृत्ति

10–जब समूह परिचर्चा से समूह के सदस्यों की आरम्भिक मनोवृत्ति का झुकाव पहले से और अधिक मजबूत हो जाता है तो इसे समूह————कहा जाता है? 1

(i) ध्रुवीकरण (ii) निर्माण

(iii) स्थगन (iv) विघटन

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

11–बुद्धि लब्धि (I.Q) क्या है यदि किसी बालक की मानसिक आयु 12 वर्ष है और वास्तविक आयु 10 वर्ष है तो उसकी बुद्धिलब्धि क्या होगी? 1+2= 3

12–सीमा हमेशा खुद को कम आंकती है यह किससे सम्बन्धित समस्या है? 3

13–मनोवैज्ञानिक दबाव के प्रमुख स्त्रोत क्या है? 3

14–दबाव पर नियंत्रण के लिये किस प्रकार की जीवन शैली अपनानी चाहिए? 3

15–दुश्चिंता विकार क्या है? 3

16–भोजन सम्बन्धी एक विकार का संक्षेप में वर्णन कीजिए? 3

17–स्वलीनता वर्णक्रम विकार का वर्णन कीजिए? 3

18–संज्ञानात्मक व्यवहार चिकित्सा क्या है? 3

19–अभिवृत्ति का ए0बी0सी घटक क्या है? 1+1+1= 3

20–पूर्वाग्रह एवं रूढ़िवादिता में अन्तर बताइये? 1½ +1½=3

21–सामाजिक स्वैराचार किसे कहते हैं? 3

22–द्वितीयक समूह से आप क्या समझते हैं दो उदाहरण दीजिए। 2+1= 3

लघु उत्तरीय प्रश्न (शब्द सीमा 50)

23– बुद्धि का त्रिचापीय सिद्धान्त क्या है, वर्णन कीजिए? 2+3= 5

24–सृजनात्मकता का अर्थ स्पष्ट कीजिए। बुद्धि तथा सृजनात्मकता के सम्बन्ध में प्रकाश डालिए? 2+3= 5

25– किन्हीं दो अहं रक्षा युक्तियों का सोदाहरण वर्णन कीजिए। 5

26–मनोविदलता वर्णक्रम तथा अन्य मनोविक्षिप्ति विकार का वर्णन कीजिए। 2+3= 5

27–चिकित्सात्मक सम्बन्ध क्या है? व्यवहार चिकित्सा में प्रबलन का क्या महत्व है? 2+3=5

28–टकमैन के समूह निर्माण के अवस्था मॉडल की व्याख्या कीजिए? 5

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (शब्द सीमा 200 शब्द)

29–आत्म क्या है आत्म की अवधारण को विस्तार से समझाइये ? 2+6= 8

अथवा

व्यक्तित्व क्या है। इसके प्रमुख प्रकारों का वर्णन कीजिए? 2+6= 8

30–दबाव से आप क्या समझते हैं। दबाव के विभिन्न प्रकार पर प्रकाश डालिए?2+3+3=8

अथवा

दबाव का सामना करने से आप समझते हैं। दबाव प्रबन्धन की दो तकनीको का वर्णन कीजिए? 2+3+3=8

32– अभिवृत्ति से आप क्या समझते है। अभिवृत्ति परिवर्तन को प्रभावित करने वाले कारको की व्याख्या कीजिए? 2+6=8

अथवा

अभिवृत्ति की प्रकृति से क्या आशय है। अभिवृत्ति निर्माण की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए। 2+6=8